दिन– रविवार                                                                                   दिनांक– 31 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                                                  अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम में, देशवासियों को स्वदेशी की बात भूलनी नहीं है। श्री मोदी ने कहा कि उपहार, कपड़े और सजावट की वही चीज़ें लें, जो मेड इन इंडिया हों यानी भारत में बने हों अथवा भारत की सामग्री से तैयार हुए हों। जीवन से जुड़ी हर चीज़ स्वदेशी होनी चाहिए। श्री मोदी ने बिहार के मुजफ्फरपुर की देवकी जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से यह साबित कर दिखाया है कि सौर ऊर्जा केवल बिजली का साधन नहीं बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने वाली एक नई शक्ति भी है। श्री मोदी ने बताया कि पहले जहां केवल कुछ ही एकड जमीन में सिंचाई हो पाती थी। अब सोलर दीदी के सौर पंप से चालीस एकड़ से अधिक श्रेत्र में पानी पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देवकी जी के प्रेरक कार्यों से अब लोग उन्हें सोलर दीदी बुलाने लगे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। श्री मोदी ने बताया कि यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान–विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि इनकी मदद के लिए ही सरकार ने विश्वकर्मा योजना चलाई है।

———————————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब केवल दो दिन शेष बचे हैं। इसके तहत आज और कल सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं को दावा–आपत्ति समेत अन्य आवश्यक कार्यों में मदद करेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक दो लाख सत्ताईस हजार छह सौ छत्तीस मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर

दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए तेरह लाख तैंतीस हजार सात सौ तिरानवे नये आवेदन प्राप्त हुये हैं। इधर,

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट में कल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित तीन सदस्यीय पीठ ने पूर्व में इस मामले की सुनवाई के दौरान एक सितम्बर की तारीख तय की थी।

———————————————————————

राजगीर में खेले जा रहे पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में आज भारतीय टीम का मुकाबला जापान से होगा। यह मैच अपराह्न तीन बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहले मैच में चीन को जबकि जापान ने कज़ाकिस्तान को हराया था। इस समय चीन और कजाकिस्तान के बीच मुकाबला जारी है। ताजा जानकारी के अनुसार चीन ने तीन–एक की बढ़त बढ़ा ली है।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिहार में सुशासन पर भी चर्चा करनी चाहिए। श्री चौधरी ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पिछले दो सप्ताह से शांतिपूर्वक चल रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उनके मंच से प्रधानमंत्री की मां के लिए अपशब्द कहे गए इससे साबित होता है कि ये लोग लोकतंत्र के नहीं, राजतंत्र के पोषक हैं।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने राजद नेता तेजस्वी यादव के डुप्लिकेट मुख्यमंत्री वाले बयान पर कहा है कि इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। श्री त्यागी ने आज दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी महागठबंधन में मुख्यमंत्री के सवाल पर चुप्पी साध गए थे। उन्होंने कहा कि अब जिस तरीके से तेजस्वी यादव ने खुद को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर दिया है, इससे आने वाले समय में और विवाद बढ़ेगा।

---

समाप्त